आदेश की क्रम सं० एवं तारीख	आदेश एवं पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गयी टिप्पणी तारीख सहित

न्यायालय, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, बुण्डू (राँची)।

U/S 15 OF THE BIHAR TENANT'S HOLDINGS (MAINTENANCE OF RECORDS) ACT, 1973

दाखिल खारिज अपील वाद संख्या–16/2017–18

1. किरण देवी, पति–श्री कमलाकान्त मिश्रा, निवास ग्राम–कुम्हार टोली, बुण्डू, पो०+थाना–बुण्डू, जिला–राँची।..अपीलार्थी।

बनाम

1. अंचल पदाधिकारी, बुण्डू (झारखण्ड सरकार) ....विपक्षी।

आदेश

23.02.2021

प्रस्तुत वाद में अपीलार्थी ने अंचलाधिकारी, बुण्डू के द्वारा नामांतरण मुकदमा सं०–465 R27/2015-2016/बुण्डू में दिनांक–18.05.2016 को पारित आदेश के विरूद्ध यह अपील दायर किया है। जिसके द्वारा निम्नलिखित भूमि का नामांतरण अस्वीकृत किया गया।

भूमि विवरणी

मौजा	थाना	थाना सं०	खाता सं०	खेसरा सं०	रकवा
बुण्डू	बुण्डू	28	1107	74	0.02¼ ए०

चौहदीः– उ०–प्रस्तावित रास्ता 05 फीट, द०–शिवलाल महतो, पू०–तारी देवी, प०–नीलम देवी।

अपीलार्थी की ओर से दायर अपील आवेदन पर सुनवाई हेतु इस अपील वाद को ग्रहण किया गया। वाद में अपीलार्थी लगातार अनुपस्थित है। अभिलेखबद्ध निम्न न्यायालय के नामांतरण मुकदमा सं०–465 R27/2015-2016/बुण्डू का ऑनलाईन जनित अस्वीकृति की सूचना की प्रमाणित प्रतिलिपि का अवलोकन किया गया। जिसमें राजस्व कर्मचारी के मंतव्यानुसार आवेदित भूमि आदिवासी खाता से संबंधित है संलग्न कागजात सादा हुकुमनामा है। इसी आधार पर अंचलाधिकारी, बुण्डू के द्वारा नामांतरण अस्वीकृत किया गया है।

उपसमाहर्त्ता, विधि शाखा, राँची के ज्ञापांक–217(ii) दिनांक–31/01/2012 के द्वारा प्राप्त माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय के W.P.(PIL) No.-758/2011 सालखन मुर्मू बनाम झारखण्ड राज्य एवं अन्य में दिनांक–25/01/2012 को पारित आदेश की प्रति जिसमें मुख्य न्यायाधीश प्रकाश टाटिया एवं न्यायाधीश अपरेश कुमार सिंह के द्वारा C.N.T. Act का सख्ती से अनुपालन करने का निदेश दिया गया है।

अतः उपरोक्त तथ्यों एवं निर्देशों के आलोक में यह न्यायालय इस निष्कर्ष पर पहूँचती है कि कथित भूमि आदिवासी खाते की भूमि है जो C.N.T. Act से आच्छादित है। अतः उपरोक्त अपील वाद को अस्वीकृत किया जाता है।

लेखापित एवं संशोधित।

Sd/- 23/02 — भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, बुण्डू(राँची)।

Sd/- 23/02 — भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, बुण्डू(राँची)।

Digitally signed by Ajay Kumar Saw
Date: 2022.03.07 17:06:36 +05:30
Location: 10.93.79.7